प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार जल्द ही विशेष व्हाट्सएप चैटबॉट शुरू करेगी, जिसके माध्यम से लोग अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए नशा तस्करी से जुड़ी सूचनाएं दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस और सरकार के प्रयासों से नहीं जीती जा सकती बल्कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने युवाओं, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों और शिक्षकों से एंटी–चिट्टा अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार की इंगेजमेंट पॉलिसी–2026 पर सवाल उठाए हैं। शिमला से जारी बयान में उन्होंने कहा कि सरकार अस्थायी नियुक्तियों के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि पॉलिसी के तहत आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग और फार्मेसी संस्थानों में अस्थायी शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने सरकार से इंगेजमेंट पॉलिसी वापस लेकर युवाओं के लिए नियमित नौकरियों का प्रबंध करने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल का विस्तार करना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस हाईकमान ने इस पर रोक लगा रखी है।

संविधान दिवस

प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सभी उपनिदेशकों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और सुबह की प्रार्थना सभा में संविधान की प्रस्तावना का संकल्प लिया जाएगा। सभी स्कूलों में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो कार्यक्रमों की तस्वीरें जियो टैगिंग के साथ उसी दिन गूगल ट्रैकर पर अपलोड करेगा। शिक्षा निदेशालय ने सभी स्कूल प्रमुखों को इन निर्देशों की सख़्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है ।

भाजपा कोर ग्रुप

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आदेशानुसार हिमाचल प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कोर कमेटी में 12 सदस्यों को शामिल किया गया है। इसमें केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिन्दल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश महामंत्री

(संगठन) सिद्धार्थन, सांसद सुरेश कश्यप, अनुराग ठाकुर, राजीव भारद्वाज, सिकंदर कुमार विधायक सतपाल सिंह सत्ती, विपिन सिंह परमार, प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य और संजीव कटवाल का नाम शामिल है। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्यों में प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और प्रदेश सह प्रभारी दर्शना सिंह को स्थान दिया गया है ।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने एशिया पावर इंडेक्स–2026 में भारत के तीसरे स्थान पर बने रहने को देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव लगातार मजबूत हुआ है। लोवी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया पावर इंडेक्स में अमेरिका पहले, चीन दूसरे और भारत 40.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

लाहौल

लाहौल घाटी के तेलिंग गांव में जिपलाइन निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। वन अधिकार समिति के विरोध के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। समिति का आरोप है कि बिना एनओसी निर्माण किया जा रहा है और प्रशासन से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई है। अधिक जानकारी के साथ हमारे लाहौल स्पीति जिला संवाददाता